भास्कर एक्सक्लूसिव सागर-रीवा की केंद्रीय जेल समेत 7 जिला, 3 उप-जेलें शिफ्ट होंगी

शहरों से बाहर जाएंगी 12 जेलें, उनकी 106 एकड़ जमीन निजी डेवलपर्स को

मनीष कुशवाह | भोपाल

मध्यप्रदेश में शहरों की घनी आबादी के बीच बनी 12 पुरानी जेलें बाहर शिफ्ट होंगी। इनकी करीब 106 एकड़ बेशकीमती सरकारी जमीन निजी डेवलपर्स को मिलेगी। इसके बदले वे नए स्थानों पर करीब 1228 करोड़ रुपए से आधुनिक जेलें बनाकर देंगे। यानी सरकार को निर्माण के लिए अलग से बजट नहीं देना होगा। पुरानी जमीनों का अनुमानित आधार मूल्य 1971 करोड़ रुपए है। हाउसिंग बोर्ड को उम्मीद है कि रिजर्व कीमत से ज्यादा बोली मिलने पर निर्माण लागत निकालने के बाद सरकार को 1000 करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त राजस्व मिलेगा।

शहरों के विस्तार के साथ कई पुरानी जेलें घनी आबादी के बीच आ गई हैं। जगह की कमी से इनका विस्तार और आधुनिकीकरण मुश्किल हो रहा है। इसलिए हाउसिंग बोर्ड पुनर्घनत्वीकरण नीति-2022 के तहत 2 केंद्रीय, 7 जिला और 3 उप-जेलों को नए स्थानों पर बनाने की योजना पर काम कर रहा है। बैतूल में 80% और भिंड में 69% निर्माण पूरा हो चुका है। बाकी 10 परियोजनाएं मंजूरी के अलग-अलग चरणों में हैं।

पूरी जमीन डेवलपर्स को, क्या बनेगा यह भी वही तय करेंगे : पुरानी जेलों की जमीन पर आवासीय या व्यावसायिक प्रोजेक्ट में से क्या बनाना है, इसका फैसला निजी डेवलपर्स करेंगे। हालांकि, निर्माण के लिए नगर एवं ग्राम निवेश (टीएंडसीपी) के नियमों के अनुसार मंजूरी लेनी होगी। रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के लागू प्रावधानों का भी पालन करना होगा।

12 जेलों का हिसाब : इन पुरानी जमीनों का अनुमानित मूल्य 1971 करोड़ रु.

जेल	जमीन	आधार मूल्य	लागत
सागर केंद्रीय	14.91	653.27	325.00
रीवा केंद्रीय	6.59	533.00	282.05
रतलाम जिला	1.70	153.50	108.03
मंदसौर उप-जेल	1.07	109.55	105.25
छतरपुर जिला	3.73	86.94	116.45
मंडला जिला	3.20	85.93	85.21
दमोह जिला	3.87	83.00	78.00
बैतूल जिला	2.30	80.80	59.00
झाबुआ जिला	3.16	72.14	60.19
मैहर उप-जेल	0.75	51.43	37.29
जावरा उप-जेल	0.52	31.41	30.73
भिंड जिला	1.22	22.11	15.52

▪ जमीन हेक्टेयर में, राशि करोड़ रुपए में।

पुरानी जेलों के पुनर्निर्माण की योजना पर काम

हाउसिंग बोर्ड आवास निर्माण के साथ विकास की नई परियोजनाओं पर भी काम कर रहा है। इसी के तहत प्रदेश की 12 पुरानी जेलों का पुनर्निर्माण किया जाएगा।
-ओम जैन, अध्यक्ष, मप्र हाउसिंग बोर्ड

घनी आबादी में जेलों का विस्तार मुश्किल

कई जेल घनी आबादी वाले क्षेत्रों में हैं। इनके विस्तार और आधुनिकीकरण में भी परेशानी आती है। ऐसे में रीडेंसिफिकेशन योजना से इन जेलों को आबादी वाले क्षेत्र से बाहर बनाने का काम किया जा रहा है।
-मुकेश चंद्र गुप्ता, प्रमुख सचिव, जेल

1 बैतूल-भिंड में निर्माण जारी, जमीन की बोली से 41 करोड़ अतिरिक्त मिलेंगे

▪ **बैतूल:** जेल की जमीन की रिजर्व कीमत 80.80 करोड़ थी, बोली 90.51 करोड़।

▪ *59 करोड़ से 480 कैदियों की जेल बन रही है। इसमें 21 बैरक, 11 हाई-सिक्योरिटी सेल, स्टाफ आवास और ट्रेनिंग सेंटर होंगे। निर्माण 80% पूरा है। सरकार को 31.51 करोड़ अतिरिक्त मिलेंगे।*

▪ **भिंड:** जमीन की रिजर्व कीमत 22.11 करोड़ थी, बोली 25 करोड़ की मिली।

▪ *बदले में 15.52 करोड़ से ओपन जेल, गार्ड रूम, बाउंड्री वॉल और मेहगांव-गोहद उप-जेलों में बैरक व आवास बन रहे हैं। निर्माण 69% पूरा है। सरकार को 9.48 करोड़ अतिरिक्त मिलेंगे।*

▪ **दोनों जगह रिजर्व कीमत से 12.60 करोड़ रु. ज्यादा की बोली मिली। इसी आधार पर बाकी परियोजनाओं में भी ज्यादा कमाई की उम्मीद है।**

2 तीन जेलों की डीपीआर मंजूर

▪ **रतलाम:** 153.50 करोड़ की जमीन के बदले 108.03 करोड़ से 1000 कैदियों की क्षमता वाली जेल और 28 आवास बनेंगे।

▪ **दमोह:** 83 करोड़ की जमीन के बदले 78 करोड़ से 600 कैदियों की क्षमता वाली जेल और 76 आवास बनेंगे।

▪ **मंदसौर:** 109.55 करोड़ की जमीन के बदले 105.25 करोड़ से 1000 कैदियों की क्षमता वाली जेल और 41 आवास बनेंगे।

3 चार जेलों की प्रारंभिक रिपोर्ट मंजूर

▪ **सागर:** सबसे महंगी 653.27 करोड़ की जमीन के बदले 325 करोड़ से 4000 कैदियों की केंद्रीय जेल, 38 आवास बनेंगे।

▪ **रीवा:** 533 करोड़ की जमीन के बदले 282.05 करोड़ से 2400 कैदियों की केंद्रीय जेल, 234 आवास व बीहर रिवर फ्रंट बनेगा। डीपीआर अगली साधिकार समिति की बैठक में रखी जाएगी।

▪ **झाबुआ:** 72.14 करोड़ की जमीन के बदले 60.19 करोड़ से 500 कैदियों की क्षमता वाली जेल और 54 आवास बनेंगे।

▪ **छतरपुर:** 86.94 करोड़ की जमीन के बदले 116.45 करोड़ से 600 कैदियों की जेल और 76 आवास बनेंगे।।

4 तीन जेलों के प्रस्ताव भेजे गए

▪ **जावरा:** 31.41 करोड़ की जमीन के बदले 30.73 करोड़ से 300 कैदियों की उप-जेल।

▪ **मैहर:** 51.43 करोड़ की जमीन के बदले 37.29 करोड़ से 300 कैदियों की उप-जेल।

▪ **मंडला:** 85.93 करोड़ की जमीन के बदले 85.21 करोड़ से 600 कैदियों की जेल और 59 आवास प्रस्तावित हैं।

भास्कर एक्सक्लूसिव 3 डिस्टिलरी की रिपोर्ट जून में आई, नहीं की कार्रवाई

5 सैंपल में 21% तक कम अल्कोहल

अजय वर्मा | भोपाल

मध्यप्रदेश में देशी शराब की बोतलों पर जितना अल्कोहल लिखा है, जांच में उससे 21% तक कम मिला है। जून 2026 में भोपाल की सीईएस एनालिटिकल एंड रिसर्च सर्विसेज लैब में कराई गई जांच में प्रदेश की 3 डिस्टिलरियों के 5 नमूनों में अल्कोहल की मात्रा तय मानक से कम मिली।

गंभीर बात यह है कि जून में आई रिपोर्ट को विभागीय अफसरों ने गंभीरता से नहीं लिया। सबसे ज्यादा 20.74% कमी सागर की डीसीआर डिस्टिलरीज के नमूने में थी। इससे सवाल उठ रहा है कि शराब बनाने में कम स्पिरिट इस्तेमाल हुई तो बची स्पिरिट कहां गई? विशेषज्ञों के मुताबिक, बड़े पैमाने पर ऐसा होने से डिस्टिलरियों को करोड़ों का फायदा हो सकता है। भास्कर के पास लैब रिपोर्ट- दस्तावेज हैं।

विभाग की जांच जरूरी, तभी पता चलेगा गड़बड़ी कहां हुई : निजी लैब में कारोबारियों के उपलब्ध कराए नमूनों की जांच हुई है। ऐसे में यह पता लगाना जरूरी है कि संबंधित बैचों की बॉटलिंग के समय स्ट्रेंथ कितनी दर्ज थी। क्या विभाग ने प्रत्येक बैच की जांच की थी? यदि हां, तो रिकॉर्ड में क्या मिला? सरकारी लैब में विभागीय सीलबंद नमूनों की दोबारा जांच से ही गड़बड़ी की पुष्टि हो सकेगी।

विभागीय जांच जरूरी, तभी गड़बड़ी दिखेगी

निजी लैब में नमूनों की जांच हुई है। ऐसे में यह पता लगाना जरूरी है कि संबंधित बैचों की बॉटलिंग के समय स्ट्रेंथ कितनी दर्ज थी। सरकारी लैब में विभागीय नमूनों की दोबारा जांच से ही गड़बड़ी की पुष्टि हो सकेगी।

जांच रिपोर्ट: जानिए-कितना मिला अल्कोहल

डिस्टिलरी और शराब	तय मानक	जांच में मिला	अल्कोहल कम
डीसीआर, सागर-प्लेन	28.55%	22.63%	20.74%
जगपिन-मसाला	42.80%	36.36%	15.04%
अग्रवाल-प्लेन	28.55%	24.72%	13.42%
अग्रवाल-मसाला	42.80%	41.44%	3.18%
डीसीआर, सागर-मसाला	42.80%	42.26%	1.26%

नोट: कमी घोषित अल्कोहल की मात्रा की तुलना में प्रतिशत में है।

नियमः तय स्ट्रेंथ की शराब देना अनिवार्य

मध्यप्रदेश देशी स्पिरिट नियम के अनुसार निर्धारित शक्ति और गुणवत्ता वाली स्पिरिट की आपूर्ति जरूरी है। मसाला शराब में 42.80% और प्लेन शराब में 28.55% अल्कोहल का मानक निर्धारित है।

कम अल्कोहल से कितना फायदा संभव? 1 लाख लीटर शराब से समझिए

▪ आबकारी विभाग के पूर्व डिप्टी कमिश्नर विनोद रघुवंशी के मुताबिक, 1 लाख लीटर प्लेन शराब तय 28.55% स्ट्रेंथ पर बनाने में 28,550 लीटर शुद्ध अल्कोहल लगता है। यही शराब 24.72% स्ट्रेंथ पर तैयार हो तो 24,720 लीटर अल्कोहल लगेगा। यानी 3,830 लीटर शुद्ध अल्कोहल का अंतर। यह करीब 6,434 प्रूफ लीटर के बराबर है।

▪ रघुवंशी के अनुसार, स्पिरिट की बचत से उत्पादन लागत घट सकती है। उनके आकलन में 200% ड्यूटी के आधार पर प्रति 4.50 प्रूफ लीटर पर सरकार को 1,200 रुपए के नुकसान और डिस्टिलरी को 200 रुपए के फायदे की संभावना है। हालांकि, यह उदाहरण आधारित गणना है। वास्तविक आर्थिक असर संबंधित बैचों के उत्पादन, स्पिरिट खपत और ड्यूटी रिकॉर्ड के मिलान से ही स्पष्ट होगा।

न्यूज ब्रीफ

नीमच: मक्का की आड़ में चल रही थी गांजे की खेती, 2.90 करोड़ के पौधे जब्त



नीमच | जिले में अवैध नशे के खिलाफ पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरिया में ड्रोन और मैदानी टीमों की मदद से चार खेतों पर छापा मारकर गांजे की अवैध खेती का खुलासा किया है। मौके से करीब 51 हजार हरे पौधे जब्त किए गए हैं, जिनका वजन लगभग 28 क्विंटल और अनुमानित बाजार कीमत 2 करोड़ 90 लाख रुपए है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। गांजे के ये खेत चारों तरफ ऊंचे पत्थरों और मक्का की फसल से घिरे हुए थे, जिससे ऊपर से सिर्फ मक्का ही दिखाई देती थी।

दतिया: त्रयोदशी भोज के बाद गांव के 1000 लोगों को उल्टी-दस्त

दतिया | भांडेर के उचाड़ गांव में त्रयोदशी का खाना खाने के बाद 24 घंटे में 1000 से अधिक लोगों को पेट दर्द, उल्टी, दस्त की शिकायत हो गई। खाना खाने के 5-6 घंटे बाद लोग बीमार होने लगे। बीमार लोग दतिया, भांडेर, इंदरगढ़, ग्वालियर, झांसी इलाज के लिए पहुंचे। कुछ लोगों ने गांव में ही झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराया। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और 300 से अधिक ग्रामीणों को पेट दर्द, दस्त, उल्टी की दवा बांटी। सरपंच प्रतिनिधि रामलखन यादव के अनुसार, लगभग पूरा गांव बीमारी की चपेट में है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर 300 से अधिक लोगों को दवाएं वितरित कीं। सीएमएचओ डॉ. बीके वर्मा ने इसकी पुष्टि की।

बैरागढ़ बच्ची हत्याकांड : भोपाल-सीहोर हाईवे तीन घंटे बंद रहा, थाने में घुसने की कोशिश की

शॉर्ट पीएम में पुष्टि... मासूम से दुष्कर्म की कोशिश हुई

भोपाल | बैरागढ़ में 13 साल की बच्ची की हत्या के विरोध में शनिवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों ने बैरागढ़ थाने का घेराव कर आरोपी को उनके हवाले करने और फांसी देने की मांग की। भीड़ ने थाने में घुसने और मुख्य गेट तोड़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने भोपाल-सीहोर हाईवे पर तीन घंटे तक चक्काजाम किया। गौरतलब है बैरागढ़ थाने से 150 मीटर दूर एक खंडहर में बच्ची का निर्वस्त्र शव मिला था। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में गला घोंटने और यौन उत्पीड़न की कोशिश के संकेत मिले हैं।

जिस कपड़े को सूंघकर नशा करता था, उसी से बच्ची का मुंह दबाया

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी मोइन (24) नशे का आदी है। वह कपड़े पर व्हाइटनर डालकर सूंघता था। इसी कपड़े से उसने बच्ची का मुंह दबाया था। सामने के दो दांत टूटने और शरीर पर अन्य अंदरूनी चोटों की स्थिति विस्तृत पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी।

भास्कर एक्सक्लूसिव क्षेत्रीय संचालक ने जारी किए आदेश

ग्वालियर संभाग में डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों के अटैचमेंट निरस्त, मूल पदस्थापना पर लौटना होगा

ग्वालियर | ग्वालियर-चंबल संभाग के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में वर्षों से अटैचमेंट का लाभ लेकर सुविधाजनक स्थानों पर जमे डॉक्टरों व कर्मचारियों को अब मूल पदस्थापना पर लौटना होगा। कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ग्वालियर संभाग डॉ. अमित सक्सेना ने आदेश जारी करते हुए सभी नियमित, बॉन्ड व एनएचएम संविदा चिकित्सकों सहित समस्त कर्मचारियों के अटैचमेंट को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए कड़े निर्देशों के बाद यह कदम उठाया है। यह आदेश ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया, मुरैना, भिंड और श्योपुर जिलों के सीएमएचओ तथा सिविल सर्जन को जारी किए गए हैं।

लापरवाही पर नपेंगे अधिकारी, 22 को भोपाल से होगी वीसी...

क्षेत्रीय संचालक ने चेतावनी दी है कि तय समयसीमा में आदेश का पालन न करने की स्थिति में संबंधित जिला अधिकारियों के विरुद्ध संचालनालय स्तर से अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं 22 अक्टूबर को सुबह 10:30 से 12:30 बजे तक एनआईसी वीसी के जरिए स्वास्थ्य आयुक्त एवं संचालक सीधे इस कार्रवाई की समीक्षा करेंगे।

भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट अशोकनगर में 33% गर्भवती हाईरिस्क में

बेटे का दबाव : पहले से 8-9 बेटियां, फिर भी 47 की उम्र में हो रही गर्भवती

सपन याज्ञवल्क्य/हरिओम त्रिपाठी | बहादुरपुर (अशोकनगर)

अशोकनगर जिला इस समय एक भयानक सामाजिक बीमारी की गिरफ्त में है। बीमारी का नाम है- बेटे की चाहत। सीधा असर महिलाओं पर पढ़ रहा है, जो ढलती उम्र और कमजोर शरीर के बावजूद जोखिम उठाकर गर्भधारण कर रही हैं। इसका खौफनाक सच हाल में जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में दिखा, जहां एक मां ने जन्म के 12 घंटे बाद अपनी नवजात बेटी का गला घोंट दिया। पुलिस के सामने रोते हुए उसका एक ही कबूलनामा था-परिवार बेटे की आस में था, मैं दूसरी बेटी पैदा कर उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी।

स्वास्थ्य विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, अशोकनगर में पंजीकृत 5,358 गर्भवतियों में से 1,750 (यानी 33%) हाई रिस्क श्रेणी में हैं। यानी हर तीसरी गर्भवती की जिंदगी खतरे में है। सबसे भयावह आंकड़ा उन 200 से अधिक महिलाओं का है, जो पहले ही 3 से 9 बेटियों को जन्म दे चुकी हैं। खुद बेटियों से कोई शिकायत न होने के बावजूद, 'वंश चलाने के लिए बेटा ही चाहिए और बेटियां तो पराया धन हैं' जैसे समाज के तानों से तंग आकर वे 45 से 47 साल की उम्र में भी 10वें बच्चे की डिलीवरी का जोखिम उठा रही हैं।

लिंगानुपात की स्थिति (प्रति 1,000 पुरुषों पर महिलाएं)

राष्ट्रीय औसत	मप्र औसत	उज्जैन सर्वश्रेष्ठ	अशोक नगर
943	931	964	887

बेटियां तो पराया धन हैं... ऐसे तानों से छलनी होती कोख

1 9 बेटियां.... फिर भी 10वीं बार लिया जोखिम

47 साल की महिला की सबसे बड़ी बेटी 22 साल की है और सबसे छोटी 2 साल की। अब तक 9 बार प्रसव हो चुका है। महिला बेबसी से कहती हैं कि समाज कहता है कि वंश चलाने के लिए बेटा ही काम आता है। बेटियां तो पराया धन हैं।

2 तीन बेटियां, इसलिए 45 साल में गर्भधारण

45 वर्षीय महिला के 5 प्रसव हो चुके हैं। अज्ञात बीमारी से एक बेटा और एक बेटी बचपन में ही चल बसे। अब 3 बेटियां हैं। महिला और पति दोनों अब बच्चा नहीं चाहते, लेकिन रिश्तेदारों के आगे लाचार होकर इस उम्र में भी अपनी सेहत दांव पर लगा रही है।

बेबसी: काउंसलिंग फेल, सोच नहीं बदल पा रहे

बहादुरपुर जैसे छोटे कस्बे में ही 12-12 ऐसे परिवार हैं जहां 3 से 9 बेटियां होने के बाद भी नसबंदी नहीं अपना रहे। जिले में 1700 से ज्यादा गर्भवती हाई रिस्क पर हैं। काउंसलिंग से सोच नहीं बदल पा रहे हैं। **-डॉ. अलका त्रिवेदी,** सीएमएचओ, अशोकनगर

अशोकनगर प्रदेश में सबसे पिछड़ा लिंगानुपात : बेटों की चाहत का सीधा असर जिले के लिंगानुपात पर दिख रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण और स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि अशोकनगर लिंगानुपात के मामले में मध्य प्रदेश के सबसे निचले पायदान पर जा पहुंचा है।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank ...the name you can BANK upon!

एआरएमबी इंदौर :20 स्नेह नगर, सपना संगीता रोड, इन्दौर (म.प्र.), मो. 98351 92571 एवं ई-मेल : cs6885@pnb.co.in

अचल संपत्तियो की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9 (1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई—नीलामी सूचना।

आम लोगों को सामान्यतः और ऋण लेने वाले ऋणीयों और जमानतदारों/बंधककर्ता को विशेष रुप से यह सूचित किया जाता है कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित की गई निम्न वर्णित अचल संपत्तियों, जिनका रचनात्मक/भौतिक/प्रतिकात्मक कब्जा निम्न विवरण के अनुसार बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, का विक्रय ऋणीयों और जमानतदारों/बंधककर्ता से बैंक/सुरक्षित लेनदार द्वारा निम्न बकाया राशि की वसूली के लिये **जहां हैं, जैसा है, जो भी है, जो कुछ भी है के आधार पर** नीचे तालिका में दी गई उल्लेखित दिनांक को किया जायेगा। प्रत्येक संपत्ति का आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि, वृद्धि राशि तथा अन्य विवरण निम्न तालिका में दिया गया है।

लॉट नं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणी/जमानतदार/ खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्ति(यों) के गिरवीकर्ता)	A) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि B) 13(2) नोटिस बकाया राशि दिनांक तक C) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तिथि D) कब्जे की प्रकृति प्रतीकात्मक/ भौतिक/रचनात्मक	A) आरक्षित मूल्य B) ईएमडी C) बोली बढ़ाने की राशि	ई—नीलामी की दिनांक/ समय
1.	**श्री धारेश्वर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड इसके निदेशक के माध्यम से 1. श्री जितेन्द्र चौहान पिता श्री शंकर लाल चौहान निदेशक एवं जमानतदार :** 2. श्री विष्णु कुमार सांकला पिता श्री मदन लाल सांकला, 3. श्री कैलाश कुमार रायखेड़ा पिता श्री राधेश्याम, 4. श्री स्वपनिल सिन्हा पिता श्री राजीव रंजन सिन्हा, 5. श्री संतोष दुबे पिता श्री राम कृष्ण दुबे **साझेदारी फर्म की गारंटी : मेसर्स एमेथिस्ट माइनिंग एंड एनवायरमेंट सॉल्यूशंस (बंधककर्ता एवं जमानतदार) इसके पार्टनर श्री राजीव रंजन सिन्हा एवं श्रीमती रुचिता सांकला के माध्यम से शाखा :** SGSITS	संपत्ति का संपूर्ण भाग जो फ्लैट नं. 302-बी (तीसरी मंजिल), ब्लॉक नं. 3, कालिंदी स्क्वायर, भूमि सर्वे नं. 182/2/1 के पूर्वी भाग, छोटी खजरानी, इंदौर (म.प्र.) में स्थित है। **क्षेत्रफल:** 960 वर्ग फुट, **चर्तुसीमा:** पूर्व : फ्लैट नं. 303-बी, पश्चिम: कॉमन पैसेज, सीढ़ियां, लिफ्ट एवं उसके बाद फ्लैट नं. 301-बी, उत्तर: सड़क, दक्षिण: एमओएस के बाद कुकरेजा की संपत्ति **संपत्ति मालिक** : मेसर्स एमेथिस्ट माइनिंग एंड एनवायरमेंट सॉल्यूशंस, इसके पार्टनर श्री राजीव रंजन सिन्हा एवं श्रीमती रुचिता सांकला के माध्यम से **संपत्ति आईडी:**- PUNB820100122337	A) 30/07/2025 B) 1,22,99,880.51/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 13/10/2025 D) भौतिक आधिपत्य	42,77,000.00 / 4,27,700.00 / 50,000.00	**03.11.2026** प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) Property Location
2.	**गोखले इंडस्ट्रीज (प्रोपराइटर: राहुल गोखले पिता रतनलाल गोखले) शाखा:** इंदिरा कॉम्प्लेक्स, इन्दौर (323800)	1. ग्राम पिगडम्बर, पटवारी हल्का नंबर 1, तहसील महू, जिला इंदौर में स्थित रेडवुड पार्क के प्लॉट नंबर 338 पर स्थित अचल संपत्ति का संपूर्ण भाग। **क्षेत्रफल**- 697 वर्ग फुट। **चर्तुसीमाएं इस प्रकार हैं:** पूर्व- कॉलोनी की सड़क, पश्चिम- कॉलोनी की बाउंड्री वॉल, उत्तर- प्लॉट नंबर 337, दक्षिण- प्लॉट नंबर 339. **संपत्ति मालिक:**- श्री राहुल गोखले पिता श्री रतनलाल गोखले, **संपत्ति आईडी:**- PUNB82010022363	A) 01/09/2025 B) 55,27,762.27/- + ब्याज+ अन्य खर्चे C) 20/01/2026 D) सांकेतिक आधिपत्य	26,10,000/- / 2,61,000/- / 50,000/-	**03.11.2026** प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) Property Location
		2. बैंक फायनेंस से खरीदी गई **प्लांट एवं मशीनरी** जो कि गोदाम नंबर 1, सर्वे नंबर 1177, ग्राम पिवड़ाय देवगुराड़िया, इंदौर में स्थित है। (नोटः जीएसटी का वहन खरीदार द्वारा किया जाएगा जो कि नीलामी मूल्य के उपर और अतिरिक्त होगा) **संपत्ति आईडी:**- PUNB82010022364	P & M Location	11,34,000/- / 1,13,400/- / 50,000/-	
3.	**मैसर्स प्रभु कृपा लॉजिस्टिक्स (पार्टनरशीप फर्म) पार्टनर : श्री प्रभु लाल पंवार पिता लालजी राम पंवार एवं श्री गगन पंवार पिता श्री प्रभु लाल पंवार जमानतदार :** श्री प्रभु लाल पंवार, पिता लालजी राम पंवार एवं श्री गगन पंवार पिता प्रभुलाल पंवार **शाखा:** स्कीम नंबर 134, इंदौर (218010)	**संपत्ति 1:** साम्यिक बंधक के अंतर्गत सर्वे नंबर 102/2 (जिस पर वेयरहाउस निर्मित है) क्षेत्रफल 0.286 हेक्टेयर एवं सर्वे नंबर 101/2 क्षेत्रफल 1.994 हेक्टेयर में से 0.486 हेक्टेयर क्षेत्रफल, इस प्रकार कुल माप का क्षेत्रफल 0.772 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति, जो ग्राम माचलपुर बुजुर्ग, पटवारी हल्का नंबर 69, तह. महेश्वर, जिला खरगोन (म.प्र.) 451255 में स्थित है, **सर्वे नंबर 102/2 की चर्तुसीमा (बिक्री विलेख के अनुसार) :** पूर्व : सर्वे नंबर 102/3 एवं 101/2 की भूमि, पश्चिम: सर्वे नंबर 102/1 की भूमि, उत्तर : सड़क एवं दक्षिण : सर्वे नंबर 101/2 की भूमि, **सर्वे नंबर 101/2 की चर्तुसीमा (बिक्री विलेख के अनुसार) :** पूर्व : सर्वे नंबर 101/3 की भूमि, पश्चिम : सर्वे नंबर 101/1 की भूमि, उत्तर: सर्वे नं. 102/2 की भूमि और दक्षिण : सर्वे नंबर 101/2 की भूमि, **संपत्ति मालिक :** श्री प्रभु लाल पंवार पिता लालजी राम पंवार एवं श्री गगन पंवार पिता श्री प्रभु लाल पंवार। **संपत्ति आईडी:**- PUNB68855858	A) 08.10.2025 B) 96,92,639.46 + ब्याज + अन्य खर्चे C) 19.05.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य	2,41,20,000.00 / 24,12,000.00 / 1,00,000.00	**26.11.2026** प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) Property Location
4.		**संपत्ति 2:** प्लॉट नं. 19, सर्वे नंबर 197/2 क्षेत्रफल 0.356 हेक्टेयर एवं सर्वे नं. 221/3 क्षेत्रफल 1.317 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 1.673 हेक्टेयर में से 25x50= 1250 वर्ग फीट क्षेत्रफल पर स्थित संपत्ति, जो पंचवटी परिसर, शुजालपुर मंडी लैंड, ग्राम कमलिया, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर (म. प्र.) 465333 निर्मित वेयरहाउस, **चर्तुसीमा** : पूर्व : सड़क, पश्चिम : प्लॉट नंबर 22, उत्तर : प्लॉट नंबर 20 एवं दक्षिण : 30 फीट चौड़ी सड़क, **संपत्ति मालिक** : श्री प्रभु लाल पंवार पिता लालजी राम पंवार, **संपत्ति आईडी:**- PUNB68850058	A) 08.10.2025 B) 96,92,639.46 + ब्याज + अन्य खर्चे C) 18.05.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य	39,33,000.00 / 3,93,300.00 / 50,000.00	**26.11.2026** प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ) Property Location
5.	**मेसर्स मां केलादेवी लॉजिस्टिक्स (प्रोप्राइटर: सुश्री दर्शना शाक्यवार पिता श्री दिनेश कुमार शाक्यवार) जमानतदार :** दर्शना शाक्यवार पिता श्री दिनेश कुमार शाक्यवार एवं श्रीमती राधा देवी पति श्री प्रभुलाल पंवार **शाखा:** स्कीम नंबर 134, इंदौर (218010)	ग्राम माछलपुर बुजुर्ग, पटवारी हल्का नंबर 69, तहसील महेश्वर, जिला खरगोन (मध्य प्रदेश) में स्थित संपत्ति (जिस पर वेयरहाउस निर्मित है), सर्वे नंबर 100/3 रकबा 0.158 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 101/3 कुल रकबा 1.404 हेक्टेयर में से रकबा 0.651 हेक्टेयर (वर्तमान में सर्वे नंबर 101/3/2 रकबा 0.651 हेक्टेयर), कुल लगभग रकबा 0.809 हेक्टेयर, **चर्तुसीमा** सर्वे नंबर 100/3 (विक्रय विलेख के अनुसार): पूर्वः नाला एवं जिला मार्ग, पश्चिम: भूमि सर्वे नंबर 101/3, उत्तर: नाला एवं भूमि सर्वे नंबर 101/3, दक्षिण: भूमि सर्वे नंबर 101/3 एवं जिला मार्ग, **चर्तुसीमा** सर्वे नंबर 101/3 (विक्रय विलेख के अनुसार): पूर्वः भूमि सर्वे नंबर 100/3, पश्चिम: भूमि सर्वे नंबर 101/2, उत्तर: भूमि सर्वे नंबर 101/3, दक्षिण: भूमि सर्वे नंबर 100/3, **संपत्ति स्वामी:** दर्शना शाक्यवार पिता दिनेश कुमार शाक्यवार डायवर्टेड भूमि, सर्वे नंबर 100/1 रकबा 0.065 हेक्टेयर एवं सर्वे नंबर 101/2/2 रकबा 0.708 हेक्टेयर, कुल लगभग रकबा 0.773 हेक्टेयर, स्थित ग्राम माछलपुर बुजुर्ग, पटवारी हल्का नंबर 69, तहसील महेश्वर, जिला खरगोन (म.प्र.), **चर्तुसीमा सर्वे नंबर 100/1** (विक्रय विलेख के अनुसार): पूर्वः क्रेता की भूमि, पश्चिम: भूमि सर्वे नंबर 100/2, उत्तर: भूमि सर्वे नंबर 101/2/2, दक्षिण: जिला मार्ग, **चर्तुसीमा** सर्वे नंबर 101/2/2 (विक्रय विलेख के अनुसार): पूर्वः क्रेता की भूमि, पश्चिम: भूमि सर्वे नंबर 101/1, उत्तर: प्रभुलाल पंवार की भूमि, दक्षिण: भूमि सर्वे नंबर 100/1 एवं मार्ग, **संपत्ति स्वामी:** दर्शना शाक्यवार पिता दिनेश कुमार शाक्यवार	A) 07.05.2026 B) 2,14,28,136.89/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 29.07.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य	2,43,07,000.00 / 24,30,700.00 / 1,00,000.00 संयुक्त रुप से बेची जाएगी	**26.11.2026** प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
6.	**श्री मंजूर अली पिता श्री अब्बास अली श्रीमती नीलोफर बी पति श्री मंजूर अली जमानतदार :** श्री मंजूर अली पिता श्री अब्बास अली, श्रीमती नीलोफर बी पति श्री मंजूर अली **बैंक शाखा :**विजय नगर (462200)	फ्लैट नंबर 510, चौथी मंजिल, बड़वानी प्लाजा, प्लॉट नंबर 12, ओल्ड पलासिया, इंदौर (मध्य प्रदेश) स्थित संपत्ति का साम्यिक बंधक **कुल सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल:** 1395 वर्ग फुट **चर्तु:सीमाएँ:** पूर्वः भूतल का मार्ग, पश्चिम: गलियारा एवं खुला चौक, उत्तर: फ्लैट नंबर 510-A, दक्षिण: फ्लैट नंबर 511-A **संपत्ति स्वामी:** श्री मंजूर अली पिता श्री अब्बास अली श्रीमती नीलोफर बी पति श्री मंजूर अली	A) 31.01.2026 B) 52,28,237.81/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 06.05.2026 D) भौतिक आधिपत्य	33,46,000.00 / 3,34,600.00 / 50,000.00	**26.11.2026** प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)

नियम एवं शर्तें : बिक्री प्रतिभूमि हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगीः 1. संपत्तियां **''जहां है, जैसी है'' और ''जो भी है, जैसी है''** के आधार पर बेची जा रही हैं। 2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिय उत्तरदायी नहीं होगा। 3. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। 5. सुरक्षित ऋणदाताओं को ज्ञात भारों का विवरण **पंजाब नैशनल बैंक.** 4. बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** एवं **www.pnbindia.in** देखें। 6. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है और इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा। 7. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **क्रमांक 1 एवं 2 हेतु दिनांक 02.11.2026 एवं क्रमांक 3 से 6 हेतु दिनांक 25.11.2026 रात्रि 11.59 बजे तक**

सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9 (1) के अधीन सांविधिक बिक्री सूचना

दिनांक : 18.10.2026
स्थान : इन्दौर

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार)